मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : eanugya@gmail.com Tel: 0755-2555926

क्रमांक / बी–5 / 2 / ई–मण्डी / 2021–22 / 111 भोपाल दिनांक 17 मार्च 2021

प्रति,

श्री मुर्शरफ सुल्तान,
वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,
भारत सरकार,
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र,
सी विंग, आधारतल,
विंध्याचल भवन भोपाल।

विषयः–''ई–मण्डी'' ऑन लाईन प्रणाली के पायलट संचालन दिनांक 15 / 03 / 2021 के संबंध में।

–0–

उल्लेखित विषय में दिनांक 15 / 03 / 2021 से प्रदेश की 07 चयनित मण्डी समितियों भोपाल / इंदौर / देवास / गुना / सागर / जबलपुर / सतना में ''ई–मण्डी'' ऑनलाईन प्रणाली के पायलट का क्रियान्वयन आरम्भ किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 16 / 03 / 2021 को मण्डी बोर्ड भोपाल में आयोजित बैठक में मण्डी कर्मियों की दैनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से तैयार किये गये एवं प्रेषित ''ई–मण्डी'' यूजर मेनुअल का अनुमोदन किया गया।

1/ उपरोक्त बैठक में आपकी उपस्थिति में मण्डी बोर्ड की गठित समिति के द्वारा ''ई–मण्डी'' पायलट संचालन में प्रवेश, अनुबंध एवं तौल का डाटा कैप्चर करने में प्रयुक्त Web Application - Androied Mobile App की क्रियाशीलता एवं सुरक्षा उपायों पर दिये गये सुझाव की प्रति उपलब्ध कराई गई थी। सुलभ संदर्भ के लिये उक्त सुझावों की प्रति पुनः प्रपत्र–01 में संलग्न कर प्रेषित है, कृपया बिन्दुवार सुरक्षा उपायों एवं प्रक्रिया का Androied Mobile App में शीघ्र समावेश यथा समाधान किये जाने का अनुरोध है।

2/ साथ ही ''ई–मण्डी'' पायलट संचालन दिनांक 16 / 03 / 2021 को सचिव, मण्डी समिति देवास के द्वारा उठाये गये बिन्दुओं का प्रपत्र–02 आपकी और शीघ्र समाधान की कार्यवाही किये जाने हेतु संलग्न प्रेषित है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(सुनील सक्सैना)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी/2021–22/ 112 भोपाल दिनांक 17 मार्च 2021

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक के, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(02) संयुक्त संचालक/उप संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा।

(03) सचिव, कृषि उपजा मण्डी समिति, भोपाल/इंदौर/देवास/गुना/सागर/जबलपुर/सतना।

17/03/21

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

प्रपत्र–01

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : eanugya@gmail.com Tel: 0755-2555926

ई–मण्डी पायलट संचालन दिनांक 15/03/2021

eMandi - Android App के संबंध में प्राप्त सुझावों का विवरण –

1/ ई–मण्डी **Android App** केवल पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर इंस्टाल किया जा सके।

2/ ई–मण्डी **Android Mobile App** केवल उसी मण्डी समिति परिसर में काम करें। सभी मण्डी समितियों के निर्देशांक अर्थात **Latitude** एवं **Longitude** की जानकारी उपलब्ध है। (उदाहरण के लिये यूटीएस रेलवे ऐप की तरह)

3/ व्यापारी डेटा त्वरित रुप से पुर्नप्राप्ती के लिये **Android App** पर व्यापारियों के डेटा को स्थानीय रुप से **Save** (सहेजा जाना) होना चाहिये।

4/ **Voice search - Speech to text searching assistant** फंक्शन ई–मण्डी **Android App** पर उपलब्ध होना चाहिये।

5/ **Android App** को ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों **mode** पर काम करना चाहिये, क्योंकि **App** तब भी काम करे। यदि इंटरनेट उपलब्ध नहीं है और जब भी नेटवर्क उपलब्ध हो तो वह डाटा **central server** से **Synchronize** किया जाये।

6/ अनुबंध पत्र केवल **Android App** पर ही जनरेट होना चाहिये।

7/ लेन–देन **(transactions)** आईडी इस प्रारुप में होनी चाहिये – **10113032021-1**
101 (प्रथम तीन अंक मण्डी कोड), **13032021** (दिनांक **ddMMyyyy**) **- 1** (ऑटो इंक्रीमेंटल टोकन नंबर)।
पूरी प्रक्रिया टोकन नंबर पर ही कार्य करेगी।
यह टोकन नंबर 2 दिनों के लिये वैध होना चाहिये।

–0–

Sandeep
संदीप कुमार चौबे
चीफ प्रोग्रामर

प्रपत्र–02

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति

देवास जिला–देवास (म.प्र.)

आज दिनांक 16.03.2021 को देवास मंडी के समस्त कर्मचारीयों एवं तुलावटी को ई–मंडी ऑनलाईन प्रणाली का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें प्रवेश गेट/नीलामी कर्मचारीयों एवं तुलावटियों ने अपनी लॉगिन आई.डी.प्राप्त कर मोबाइल एप्प पर कार्य किया गया। कार्य के दौरान निम्न समस्याओ के निराकरण हेतु आग्रह किया गया जो निम्नानुसार है:–

सभी कर्मचारीयों/ तुलावटियों के द्वारा बार–बार लॉगिन करने की समस्या बताई गई।

प्रवेश पर्ची/अनुबंध पर्ची/तौल पर्ची का प्रिंट उपलब्ध न होने की समस्या है।

किसानो को मोबाइल पर प्रवेश पर्ची/अनुबंध पर्ची/तौल पर्ची का मैसेज प्राप्त नहीं हो रहा है।

– किसानो के पास स्वयं का मोबाइल नं0 उपलब्ध नहीं होता है।

किसानों के पास किराये के वाहन नं0 की जानकारी उपलब्ध नहीं होती है।

उपरोक्त समस्याओ के निराकरण हेतु श्रीमान की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति देवास

संदीप कुमार चौबे
चीफ प्रोग्रामर